# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़

अरण्य भवन, सेक्टर–19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर

(प्रभाग–प्रशासन / अराजपत्रित)

फोन / फैक्स 0771–2512817, ईमेल apccfng@gmail.com

## वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

छ.ग. राज्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विभिन्न वनमण्डलों में वनरक्षक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, दिनांक 12.12.2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 31.12.2021 रात्रि 11:59 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन पत्र, विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर किये जा सकेंगे। विस्तृत विज्ञापन, रिक्त पदों की जानकारी, भर्ती प्रकिया, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क की विधि तथा अन्य सम्पूर्ण जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com में उपलब्ध है।

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख**

छत्तीसगढ़, नवा रायपुर

:\Users\user\Desktop\Forest Gaurd Vigyapan 2021.doc

// कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़
अरण्य भवन, सेक्टर–19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर
(प्रभाग–प्रशासन / अराजपत्रित)
फोन / फैक्स 0771–2512817, ईमेल apccfng@gmail.com

# वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

छ.ग. राज्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विभिन्न वनमण्डलों में वनरक्षक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती में भाग लेने हेतु छ.ग. के मूल निवासी अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन, दिनांक 12.12.2021 को मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 31.12.2021 रात्रि 11:59 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर किये जायेंगे।

1. यह नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. बिलासपुर में रिट पिटीशन क्रमांक (सी) 591/2012, 592/2012 एवं 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होगी।
2. विज्ञापित पद हेतु आवेदन केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किए जायेंगे। किसी भी प्रकार के मैनुअल अथवा डाक द्वारा भेजे गए आवेदन पत्र विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे। **आवेदन पत्र केवल चयनित एक वनमण्डल हेतु भरा जा सकेगा।**
3. परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के पूर्व स्वयं सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अन्तरिम होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश –पत्र जारी किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थिता विभाग द्वारा अन्तिम रूप से स्वीकार कर ली गई है।
4. **ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदन शुल्क**–छ.ग. के मूल/स्थानीय निवासी जो कि छ.ग. के लिये अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) की श्रेणी में आते हैं, के लिये 250/– (रूपये दो सौ पचास) तथा शेष सभी श्रेणी के लिये 350/– (रूपये तीन सौ पचास) आवेदन शुल्क देय होगा।
5. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क व पोर्टल शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड/इन्टरनेट बैकिंग डिपॉजिट/वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक के ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. इन पदों पर चयन/नियुक्ति की कार्यवाही संबंधित नोडल वनमण्डलाधिकारी/ कार्यालय प्रमुख द्वारा की जायेगी।
   - ❖ बस्तर संभाग (बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, उत्तर बस्तर कांकेर, कोण्डागांव,नारायणपुर) सरगुजा संभाग (सरगुजा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़) के अन्तर्गत आने वाले जिले एवं कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों/वनमण्डलों के रिक्त पदों पर केवल उन जिलों के स्थानीय निवासी ही भर्ती हेतु पात्र होंगे।

- कार्यालय /वनमण्डलवार रिक्त पदों का विवरण **परिशिष्ट–01** में संलग्न है।
- शैक्षणिक अर्हता, शारीरिक अर्हताएँ, वेतनमान, नियम एवं शर्तों का विवरण **परिशिष्ट–02** में संलग्न है।

वनरक्षक के पद पर चयन हेतु 291 पदों का वनमण्डलवार/कार्यालयवार विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | कार्यालय/ वनमण्डल का नाम | अनारक्षित | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | कुल पद | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | म. | भू.पू.सै. | मुक्त | म. | भू.पू.सै. | मुक्त | म. | भू.पू.सै. | मुक्त | म. | भू.पू.सै. | | |
| 1 | राजनांदगांव | 6 | 2 | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 (2 में से 1 पद बैकलॉग) | 0 | 0 | 5 (5 में से 2 पद बैकलॉग) | 2 | 0 | 20 | नोडल वनमंडलाधिकारी दुर्ग |
| 2 | खैरागढ़ | 9 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 20 | |
| 3 | कवर्धा | 13 | 5 | 1 | 2 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 7 | 2 | 0 | 36 | |
| 4 | ❖ बस्तर | 3 | 0 | 0 | 3 (3 में से 2 पद बैकलॉग) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 11 | नोडल वनमंडलाधिकारी बस्तर |
| 5 | ❖ दन्तेवाड़ा | 0 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 8 | |
| 6 | ❖ सुकमा | 0 | 0 | 0 | 3 (तीनों बैकलॉग) | 1 (बैकलॉग) | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 8 | |
| 7 | ❖ इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 8 | |
| 8 | ❖ कोरिया | 6 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | नोडल वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ |
| 9 | ❖ मनेन्द्रगढ़ | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 8 | |
| 10 | ❖ जशपुर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 2 | 0 | 8 | |
| 11 | ❖ हाथी रिजर्व, तमोर पिंगला अभ्यारण्य (सूरजपुर) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 4 | |
| 12 | ❖ हाथी रिजर्व, सेमरसोत अभ्यारण्य (बलरामपुर) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | |
| 13 | ❖ हाथी रिजर्व, बादलखोल अभ्यारण्य (जशपुर) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | |
| 14 | ❖ सूरजपुर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 (5 में से 1 पद बैकलॉग) | 2 | 0 | 8 | |
| 15 | ❖ गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 (बैकलॉग) | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 8 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 800 मीटर दौड़ (1 प्रयास) | **2 मिनट 10 सेकण्ड या कम** | 25 | **3 मिनट या कम** | 25 |
| | 2 मिनट 20 सेकण्ड तक | 20 | 3 मिनट 10 सेकण्ड तक | 20 |
| | 2 मिनट 30 सेकण्ड तक | 15 | 3 मिनट 25 सेकण्ड तक | 15 |
| | 2 मिनट 45 सेकण्ड तक | 10 | 3 मिनट 40 सेकण्ड तक | 10 |
| | 3 मिनट तक | 5 | 4 मिनट तक | 5 |
| | 3 मिनट से अधिक | 0 | 4 मिनट से अधिक | 0 |
| लंबी कूद (3 प्रयास) | **5.50 मीटर या अधिक** | 25 | **4.25 मीटर या अधिक** | 25 |
| | 5.25 मीटर तक | 20 | 4 मीटर तक | 20 |
| | 4.75 मीटर तक | 15 | 3.50 मीटर | 15 |
| | 4.25 मीटर तक | 10 | 3 मीटर तक | 10 |
| | 3.75 मीटर तक | 5 | 2.50 मीटर तक | 5 |
| | 3.75 मीटर से कम | 0 | 2.50 मीटर से कम | 0 |
| गोला फेंक (3 प्रयास) गोले का वजन– पुरूष–7.62 किलो महिला–4 किलो | **9 मीटर या अधिक** | 25 | **8 मीटर या अधिक** | 25 |
| | 8 मीटर तक | 20 | 7 मीटर तक | 20 |
| | 7 मीटर तक | 15 | 6 मीटर तक | 15 |
| | 6 मीटर तक | 10 | 5 मीटर तक | 10 |
| | 5 मीटर तक | 5 | 4 मीटर तक | 5 |
| | 5 मीटर से कम | 0 | 4 मीटर से कम | 0 |

शारीरिक दक्षता में कम से कम कुल 60 प्रतिशत अंक अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी तथा 50 प्रतिशत अंक अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को प्राप्त करना अनिवार्य है।

अभ्यर्थियों को उपरोक्त समस्त प्रतिस्पर्धा में भाग लेना अनिवार्य है। अपने प्रदर्शन मूल्यांकन से असंतुष्ट होने पर अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के समक्ष अपील की जा सकेगी, जिसका तत्काल निराकरण किया जायेगा। इस संदर्भ में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा सूर्योदय से सूर्यास्त के मध्य पर्याप्त रोशनी की अवस्था में कराया जायेगा। रात्रि अथवा कृत्रिम प्रकाश में यह परीक्षा नहीं कराई जायेगी। शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में एकरूपता तथा पारदर्शिता के लिये बहुउद्देशीय कार्ड का प्रारूप एवं नमूना विभाग द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

शारीरिक दक्षता परीक्षा में कम से कम कुल 60 प्रतिशत अंक अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी तथा 50 प्रतिशत अंक अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को प्राप्त करना अनिवार्य है।

7. **लिखित परीक्षा :–** शारीरिक दक्षता परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) जाति/ वर्गवार तैयार की जायेगी, तथा इस लिस्ट में से केवल विज्ञापित पदों की संख्या के अधिकतम 15 गुणा आवेदकों को लिखित परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। एक समान न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को अगले चरण की पात्रता होगी, भले ही संख्या 15 गुणा से अधिक हो जाये।

लिखित परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी तथा इसकी अवधि 02 घंटे की होगी। इसमें सामान्य ज्ञान, बुद्धि क्षमता, विश्लेषण क्षमता तथा अंक गणित के प्रश्न पूछे जायेंगे, जो वस्तुनिष्ट प्रकार के होंगे।

8. **बोनस अंक :–** उम्मीदवारों को नीचे उल्लेखित शीर्ष की विशेष योग्यता हेतु प्रत्येक शीर्ष में 05 बोनस अंक दिये जायेंगे। विशेष योग्यता के बोनस अंक कुल मिलाकर 10 अंक से अधिक नहीं होंगे।

